-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 01.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है, अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। गौरतलब हो कि दिनांक 31.05.2026 की देर रात्रि थाना तिन्दवारी पुलिस गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सेमरी रोड के पास एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता हुआ दिखाई दिया। पुलिस द्वारा उससे वहां घूमने का कारण पूछे जाने पर वह भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुए। जिसके सम्बन्ध में थाना तिन्दवारी पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा0 न्यायालय भेजा गया।

बरामदगी-

- 01 अवैध तमंचा 12 बोर
- 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. राहुल पुत्र रामरुप निवासी सेमरी थाना तिन्दवारी जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0- 114/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना तिन्दवारी जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. सुश्री सृष्टि नगायच चौकी प्रभारी कुरसेजा
2. उ0नि0 श्री फूलसिंह
3. कां0 शमशेर बहादुर
4. म0कां0 ज्योति शुक्ला